मुख्यमंत्री आज गुसांईसर बड़ा में अंत्योदय संबल शिविर का अवलोकन करेंगे

बीकानेर,(कासं)। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा मंगलवार को दोपहर 2:20 बजे जोड़ी (चूरू) से हवाई मार्ग से प्रस्थान कर दोपहर 2:50 बजे श्रीडूंगरगढ़ के गुसांईसर बड़ा हैलीपेड पहुंचेंगे। वे यहां से दोपहर 2:55 बजे प्रस्थान कर दोपहर 3 बजे कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे।

मुख्यमंत्री शर्मा दोपहर 3 से सायं 4 बजे तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम गुसांईसर बड़ा में आयोजित शिविर का अवलोकन करेंगे। इसके बाद वे सायं 4 बजे कार्यक्रम स्थल से प्रस्थान कर सायं 4:05 बजे तक गुसांईसर बड़ा हेलीपैड पहुंचेंगे। वे यहां से सायं 4:10 बजे जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रस्तावित यात्रा के मद्देनजर सोमवार को विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के अध्यक्ष रामगोपाल सुथार, श्रीडूंगरगढ़ विधायक ताराचंद सारस्वत, जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि, पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सागर, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहनलाल और उपखंड अधिकारी उमा मित्तल ने तैयारियों का जायजा लिया।

इस दौरान प्रवेश, निकास, बैठक, पानी, छाया, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, मंच, सुरक्षा आदि की तैयारियों की जानकारी ली। शिविर स्थल पर बन रहे स्टॉल्स को भी देखा। संबंधित अधिकारियों को पूरी तैयारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए। शिविर अवलोकन के बाद मुख्यमंत्री द्वारा पौधारोपण किया जायेगा।

वहीं प्रस्तावित मिनिट टू मिनिट कार्यक्रम के संबंध में भी चर्चा की गई। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पुखराज साध, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता खेमचंद सिंगारिया सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के अध्यक्ष रामगोपाल सुथार, विधायक ताराचंद सारस्वत और जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने तैयारियों का जायजा लिया।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत सोमवार को विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए गए। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बीकानेर के राजेरा, मालासर, मेघासर व जलावाली में, लूणकरनसर के चक जोहड़, रामसरा व बालादेसर में, श्रीडूंगरगढ़ के बेनीसर, समन्दसर, लखासर व दुसारणा पण्डरिकजी में, कोलायत के नाईयों की बस्ती, रणधीसर व सुरजडा में, बज्जू के गोकुल व फुलासर छोटा में, पूगल के कुम्हारवाला व गंगाजली में, छत्तरगढ़ के 1 केएम व 1 डीएलएसएम में, खाजूवाला के 25 केवाईडी व 2 केडब्लयूएम में, नोखा के भामटसर, कुदसू, सोमलसर, रोड़ा व बिलनियासर ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जायेंगे।

31 साल पुराना रास्ते का मामला सुलझा : अनूपगढ़ ग्राम पंचायत 78 जीबी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय सम्बल अभियान का

- **विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के अध्यक्ष, विधायक और जिला कलेक्टर ने तैयारियों का जायजा लिया**

आयोजन किया गया। एसडीएम सुरेश राव ने चक 86 जीबी-ए के 31 वर्ष पुराने विवादित रास्ते को खुलवाकर ग्रामीणों को राहत दी।

शिविर में कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए। एसडीएम ने 53 आवासीय पट्टों का वितरण किया। प्रधानमंत्री आवास योजना के 8 लाभार्थियों को किश्त जारी की गई। 19 लाभार्थियों के शौचालय स्वीकृत किए गए।

कृषि विभाग ने 20 मृदा कार्ड वितरित किए। एसडीएम ने सभी विभागों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी आमजन को दी गई। हरियालो राजस्थान की थीम पर पौधरोपण कर पर्यावरण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में एसडीएम सुरेश राव, अतिरिक्त विकास अधिकारी अशोक यादव, सरपंच अवतार सिंह, वीडियो सरजीत सिंह, संदीप सिंह और कनिष्ठ सहायक कुलदीप सिंह उपस्थित थे।

मेजर हरबंस सिंह चहल की कांसे की प्रतिमा का अनावरण

श्रीगंगानगर, (कासं)। हनुमानगढ़ रोड स्थित चहल चौक पर मोहनपुरा गांव निवासी शहीद मेजर हरबंस सिंह चहल की आदमकद कांसे की प्रतिमा का अनावरण व ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

अनावरण समारोह में शहीद मेजर चहल का परिवार, मोहनपुरा गांव के लोग, गणमान्य नागरिक, प्रशासनिक व सैन्य अधिकारी भी शामिल हुए। मेजर हरबंस सिंह चहल के पुत्र राजवंत सिंह चहल ने बताया कि लगभग एक साल से चहल चौक का जीर्णोद्धार व कायाकल्प का काम चल रहा था। इसमें शहीद मेजर चहल की कांसे की आदमकद प्रतिमा परिवार द्वारा बनाकर दी गई है।

आयोजन समिति सदस्य एडवोकेट सुमेश शर्मा ने बताया कि शहीद मेजर हरबंस सिंह चहल की शहादत की 54 वीं वर्ष गांठ पर यह कार्यक्रम करवाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे मेजर जरनल एन. आर. जाखड़ (जीओसी, 16 रेपिडो) की धर्मपत्नी मंजू जाखड़, स्वागत कर्ता राजवंत सिंह चहल, कुलविंदर बराड़, मंजीत सिंह बराड़, सेना मेडल कैप्टन कृष्णा, सुरेन्द्र गुलजार सिंह, मयंक जैन, जसवीर सिंह, मनिंदर मान, जस चहल, गुरशरन सिंह चहल, रामकुमार, मोहन सिंह, सुरेन्द्र, विजय, सुखचरण शामिल हुए। मुख्य अतिथि मंजू जाखड़ ने कहा कि सेना के शहीद देश की धरोहर हैं।

सार-समाचार

बिजली समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा

नोखा में बिजली समस्या को लेकर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपते महेन्द्र गहलोत।

नोखा, (कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नोखा (देहात) एवं (शहर) ने आज नोखा उपखण्ड में व्याप्त बिजली समस्याओं को लेकर उपखण्ड अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस जिला सचिव मुरली गोदारा ने बताया की ज्ञापन में उपखण्ड के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही बिजली कटौती, वोल्टेज की समस्या, ट्रांसफार्मर की कमी, तारों की खराब स्थिति और बिजली विभाग की लापरवाही से हो रही दुर्घटनाओं का विस्तार से उल्लेख किया गया है। कटौती, वोल्टेज और ट्रिपिंग जैसी समस्याओं के चलते किसान परेशान हैं। साथ ही टूटे तारों और खराब ट्रांसफार्मरों के कारण कई बार पशु-पक्षियों व ग्रामीणों की मृत्यु तक हो चुकी है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाए गए तो ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री महेन्द्र गहलोत, नोखा शहर ब्लॉक अध्यक्ष मोहनराम लिलड़, सोमलसर मंडल अध्यक्ष भंवरलाल सारण, काहिरा मंडल अध्यक्ष श्रवण भाम्भू, नाथूसर पूर्व सरपंच घेवरराम सियाग, भामटसर मंडल अध्यक्ष पेमाराम सारण, नोखा शहर मंडल अध्यक्ष गौरीशंकर नाई, भामटसर पूर्व सरपंच रामनारायण सारण, कक्कू मंडल अध्यक्ष गेनाराम तरड़, श्यामसुंदर बिश्नोई, रामचंद्र गहलोत, ओमप्रकाश तरड़ सहित अनेक पदाधिकारी शामिल हुए।

एम्पॉवर वेलनेस सेंटर शुरू होंगे

नि:शुल्क इनर एम्पॉवर वेलनेस सेंटर के पोस्टर का विमोचन शहर भाजपा अध्यक्ष सुमन छाजेड ने किया।

बीकानेर, (कासं) आचार्य विजय राज जी म.सा. की प्रेरणा से अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी शांतक्रांति जैन श्रावक संघ के तत्वावधान में एस.एफ.यू. संकल्प समिति द्वारा राष्ट्रव्यापी 'आत्महत्या मुक्ति अभियान' चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत स्वास्थ्य सिद्धि की परिकल्पना को लेकर पूरे भारत में इनर एम्पॉवर वेलनेस सेंटर शुरू किए जा रहे हैं। इस अभियान के अंतर्गत अवसाद से ग्रसित होकर आत्म हत्या की रोकथाम के लिए यह संस्था कार्य कर रही है। अभियान में कार्यकर्ताओं द्वारा पूरे भारत में अलग-अलग स्थानों में वेलनेस सेंटर खुल रहे है। संस्था के राष्ट्रीय संयोजक संजय जैन सांड ने बताया कि अभियान के अर्न्तगत संकल्प पत्र भरवाना, सामूहिक शपथ दिलवाना, स्कूल-कॉलेजों में सेमिनार, सहायता केंद्र, रैली, केनोपी द्वारा जागरूकता जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

आधा घंटे तक बरसे बादल, बीकानेर के कई क्षेत्रों में पानी भरा

बीकानेर, (कासं)। सोमवार सुबह से बादलों का जमघट रहा जो दोपहर तक बरस ही गया। शहरी क्षेत्र में मानसून की ये पहली बारिश थी। मौसम विभाग को सुबह तक बीकानेर में बारिश की उम्मीद नहीं थी, लेकिन दोपहर करीब साढ़े तीन बजे रिमझिम बारिश शुरू हुई जो करीब आधा घंटे तक चली। ऐसे में बीकानेर शहर मानसून में पहली बार तरबतर हो गया।

मौसम विभाग ने समीपवर्ती जिले हनुमानगढ़, चूरू में बारिश की उम्मीद जताई है लेकिन बीकानेर में नहीं। दोपहर बाद बीकानेर में करीब आधे घंटे तक बादल बरसते रहे। जस्सूसर गेट क्षेत्र में पानी एकत्रित हो गया। गेट के अंदर की तरफ करीब एक फीट पानी जमा हो गया। पिछले दिनों गेट का लेवल ऊपर करने से एक तरफ पानी जमा होने लगा है।

निकासी उचित व्यवस्था नहीं होने से जस्सूसर गेट के अंदर काफी बड़ा तालाब सा बन गया। पुरानी गिन्नाणी क्षेत्र में भी पानी जमा हो गया।

- **बीकानेर में मानसून की पहली बारिश हुई**
- **पानी निकासी उचित व्यवस्था नहीं होने से जस्सूसर गेट के अंदर काफी बड़ा तालाब सा बन गया**

यहां से पानी की निकासी सीधे जूनागढ़ की खाई और सूरसागर में है। सोमवार को महज आधा घंटे की बारिश ने ही इस क्षेत्र में पानी-पानी कर दिया। अगर मूसलाधार बारिश हुई तो एक बार फिर सूरसागर में पानी जमा होगा। वहीं जूनागढ़ की खाई को फिर से तोड़ना पड़ सकता है।

बीकानेर से जैसलमेर की तरफ बादलों ने बरसना शुरू किया तो आधे घंटे तक अनवरत बरसते रहे। बीकानेर-जैसलमेर रोड पर जवाहर नगर, करमीसर तिराहा, कल्ला पेट्रोल पंप, महाराजा गंगासिंह यूनिवर्सिटी और नाल गांव तक काफी देर बारिश होती रही। इससे सभी क्षेत्रों में पानी भर गया। तिलक नगर और जयनारायण व्यास कॉलोनी क्षेत्र में भी पानी ही पानी हो गया। तिलक नगर में तो जगह-जगह गड्ढों के कारण दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। वहीं जयनारायण व्यास कॉलोनी में भी काफी देर बारिश से गर्मी ने राहत दिलाई।

जयपुर रोड पर भी बारिश का असर देखने को मिला। बीकानेर में इस बार भी सावन के महीने में बारिश हो सकती है। 11 जुलाई से सावन की शुरूआत हो रही है। बादलों की वर्तमान स्थिति देखकर लगता है कि सावन में बीकानेर में अच्छी बारिश हो सकती है। हालांकि मौसम विभाग ने ऐसा कोई संकेत अब तक नहीं दिया है। सैटेलाइट इमेज से इस तरह की उम्मीद है।

तीन बदमाश अवैध पिस्टल सहित पकड़े

नोखा, (कासं)। पुलिस ने बाईपास तिराहे के पास कार्रवाई करते हुए बिना नंबर की स्कॉर्पियो से तीन बदमाशों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। बिना नंबर की स्कॉपियो को भी जब्त किया गया।

थानाधिकारी अमित स्वामी ने बताया कि रविवार रात एनएच 62 नागौर-बीकानेर रोड पर गश्त के दौरान जब पुलिस रोड़ा की ओर बढ़ रही थी, तब तिराहे के पास एक सफेद रंग की संदिग्ध स्कॉर्पियो सड़क किनारे खड़ी दिखाई दी। गाड़ी पर नंबर प्लेट नहीं लगी थी और बम्पर टूटा हुआ था, जिससे शक हुआ। पुलिस टीम ने तुरंत गाड़ी की तलाशी ली तो उसमें से एक अवैध पिस्टल और पांच कारतूस बरामद हुए। मौके पर मौजूद तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया।

तीनों आरोपियों से अवैध पिस्टल के स्रोत और उद्देश्य को लेकर गहन पूछताछ की जा रही है। प्राथमिक तौर पर पुलिस को शक है कि आरोपी किसी आपराधिक वारदात की फिराक में थे।

पेट्रोल पंप लूट के दो आरोपी आगरा में पकड़े

बीकानेर,(कासं)। जसरासर पुलिस ने पेट्रोल पंप लूटने के तीन महीने पुराने मामलों में दो और आरोपियों को आगरा में गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार 12 अप्रैल को बिना नंबरी कार में सवार लुटेरों ने एक ही रात में नोखा के जसरासर, मैनसर, गठलियासर, लालगढ़ स्थित पेट्रोल पंप लूट लिए थे। इस मामले में नागौर निवासी अमीन खान और गजनेर निवासी सनी नायक को गिरफ्तार कर लिया गया।

दोनों के खिलाफ विभिन्न पुलिस थानों में चोरी, लूट, डकैती के डेढ़ दर्जन से ज्यादा केस दर्ज हैं, जिनमें ये फरार चल रहे थे। यह आरोपी इतने शातिर हैं कि मोबाइल में सिम का उपयोग करने के बजाय वाइफाई के जरिए सोशल मीडिया पर एक-दूसरे के संपर्क में थे। तकनीकी जांच के चलते इन पर लगातार नजर रखी जा रही थी।

एएसपी सौरभ तिवाड़ी ने बताया कि दोनों पर एसपी ने दस-दस हजार रूपए का इनाम घोषित कर रखा था। इस मामले में आरोपी प्रेम मेघवाल,

- **सोशल मीडिया पर थे एक्टिव, पुलिस ने ट्रेस कर पकड़ा**
- **दोनों के खिलाफ कई पुलिस थानों में चोरी, लूट, डकैती के डेढ़ दर्जन से ज्यादा केस दर्ज हैं**

मनीष भाखर और अर्जुन कुम्हार को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

बाइक से गिरने पर मौत : बीकानेर में खान कॉलोनी रेलवे फाटक के पास बाइक से गिरने पर एक युवक की मौत हो गई। फड़बाजार हिरणबाजों की मस्जिद के पास रहने वाला 36 वर्षीय मुस्तफा एलपीजी वितरक के यहां गैस सिलेंडर सप्लाई का काम करता था। रेलवे फाटक के पास वह सिलेंडर सहित बाइक से गिर पड़ा। पीबीएम हॉस्पिटल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

फैटी लीवर की जांच फाइब्रोस्कैन मशीन से होगी

बीकानेर, (कासं)। लीवर संबंधी गंभीर बीमारियों की जांच के लिए अब बायोप्सी के असहनीय दर्द से जल्दी ही छुटकारा मिल जायेगा। पीबीएम हॉस्पिटल में फाइब्रोस्कैन मशीन खरीदने की तैयारी की जा रही है। इस मशीन के जरिए अल्ट्रासाउंड सोनोग्राफी की तरह पांच मिनट में जांच रिपोर्ट सामने होगी। जांच से पता चल जायेगा लीवर कितना फैटी है। राज्य सरकार ने बीकानेर, अजमेर, कोटा और भरतपुर मेडिकल कॉलेज के लिए फाइब्रोस्कैन मशीन खरीदने के लिए तीन करोड़ से अधिक का बजट मंजूर किया है। बीकानेर के पीबीएम हॉस्पिटल में 90 लाख रूपए से मशीन की खरीद होगी। स्पेसिफिकेशन सहित प्रस्ताव भेज दिए गए हैं। यह मशीन अगले तीन-चार महीने में इंस्टॉल हो जायेगी। प्रदेश में वर्तमान में जयपुर, जोधपुर और उदयपुर के मेडिकल कॉलेज में ही फाइब्रोस्कैन मशीन है। यह एक विशेष अल्ट्रासाउंड मशीन है ।

नाम परिवर्तन

पहले मेरा नाम अनिरुद्ध सिंह था अब मैने मेरा नाम परिवर्तित करके अनिरुद्ध सिह बड़गुजर रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। अनिरुद्ध सिंह बड़गुजर पुत्र दौलत सिंह बड़गुजर, 164 केलाशपुरी बीकानेर।

आरटीओ मोड़ पर फैला गोबर बना मुसीबत

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर शहर के व्यस्ततम मार्गों में शुमार आरटीओ मोड़ से इंडेन गैस प्लांट तक का रास्ता इन दिनों बदइंतजामी और प्रशासनिक उदासीनता का जीता-जागता उदाहरण बना हुआ है।

यह मार्ग न केवल केन्द्रीय कारागार, सरकारी मूक-बधिर विद्यालय, गैस प्लांट और संभाग के सबसे बड़े आरटीओ कार्यालय को जोड़ता है, बल्कि रोज़ाना सैकड़ों सरकारी और निजी वाहनों की आवाजाही का मुख्य जरिया है। दुर्भाग्यवश इस मार्ग के दोनों ओर संचालित अवैध पशु डेयरियों के कारण सड़कों पर रोजाना गोबर और कंटीली झाडियां फेंकी जा रही हैं।

बारिश या पाइपलाइन लीकेज की

- **अवैध पशु डेयरियों के कारण सड़कों पर रोजाना गोबर और कंटीली झाडियां फेंकी जा रही है**

स्थिति में यह मार्ग कीचड़ और बदबू से भर जाता है, जिससे दुपहिया वाहन चालक अक्सर फिसल जाते हैं। क्षेत्र में मच्छरों और जहरीले कीड़ों का प्रकोप बढ़ने से मौसमी बीमारियां फैलने लगी हैं। इतने संवेदनशील और व्यस्त मार्ग पर यह गंदगी सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन चुकी है, लेकिन प्रशासनिक तंत्र अब तक मौन है।

होटलों में संदिग्धों की जांच

श्रीगंगानगर, (कासं)। आपराधिक घटनाओं में कमी लाने के लिए पुलिस गश्त बढ़ाने के साथ अब होटलों की जांच का अभियान भी शुरू किया गया है। रविवार को पुलिस टीमों ने एक साथ करीब 30-40 होटलों की जांच की।

इसके लिए हर थाना क्षेत्र में अलग-अलग टीमें बनाई गई थी। जांच के दौरान संदिग्ध लोगों की पहचान के अलावा होटल के रिकॉर्ड, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति और लोकेशन आदि के बारे मे भी डिटेल ली गई। होटल संचालकों से वाहन पार्किंग की ओर सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए कहा गया ताकि रूकने वाले लोगों की गाड़ियों के नंबर की जानकारी भी मिल सके। होटल में रूकने वाले युवाओं पर विशेष नजर रखने और किसी की गतिविधि संदिग्ध होने पर तुरंत संबंधित थाने को सूचना देने के निर्देश दिए गए।

बीकानेर में 9618 मेगावाट के नए सोलर प्लांट शुरू होंगे

बीकानेर, (कासं)। साल में 365 दिन सूर्य का प्रकाश मिलने के कारण बीकानेर को सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए सबसे महत्वपूर्ण माना गया है। यही वजह है कि आगामी दो साल में जिले में बिजली का उत्पादन बढ़कर 14 हजार 404 मेगावाट तक पहुंच जायेगा। राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम के आंकड़े बताते हैं कि आने वाले दो सालों में 9618 मोगावाट के सोलर प्लांटों से विद्युत उत्पादन शुरू हो जायेगा। इनके लिए जमीन आवंटन का काम पूरा हो गया है।

सरकारी जमीन के अलावा किसानों की जमीनें भी खरीदी गई हैं। कुल 38 हजार 472 बीघा जमीन पर ये प्लांट लग रहे हैं। इनमें एनटीपीसी,

- **38 हजार 472 बीघा जमीन पर ये प्लांट लगेंगे, जमीन आवंटन का काम पूरा हो गया**

पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन, कोल इंडिया, एनएलसी, भारत पेट्रोलियम, इंडियन ऑयल, ओएनजीसी जैसी सरकारी कंपनियां भी शामिल हो सकती हैं।

बता दें कि 38 हजार 472 बीघा में से 20 हजार 672 बीघा जमीन पर प्राइवेट कंपनियां 5168 मेगावाट के प्लांट लगा रही हैं। यहां पर 1400 मेगावाट के लिए सनब्रिज, एक हजार मेगावाट के लिए बिल्ड विजन जैसी बड़ी प्राइवेट सेक्टर की कंपनियों ने निवेश किया है। यह सभी प्लांट पूगल, छतरगढ़, लाखूसर, नोखा दैया, जयमलसर में स्थापित हो रहे हैं। पूगल और छतरगढ़ में सोलर पार्क विकसित करने के लिए दो सरकारी कंपनियों को पांच स्थानों पर जमीन आवंटन का काम पूरा हो गया है।

मानसिंह, परियोजना निदेशक, अक्षय ऊर्जा निगम का कहना है कि अगले दो साल में बीकानेर जिले में 14 हजार मेगावाट से ज्यादा सौर ऊर्जा का प्रोडक्शन होने लगेगा। कुछ नई परियोजनाएं और आती हैं तो सौर ऊर्जा के क्षेत्र में बीकानेर एक नंबर पर होगा। वर्तमान में जोधपुर एक नंबर पर है।

इत्तलानामा वास्ते जाहिर करने वजह न जारी होने डिग्री के
(ओ. 21 रूल 22 जाब्ता दीवानी)
अज अदालत अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश क्रम-4 जयपुर महानगर प्रथम
मुकाम
श्रीमती बालेश बैजल
बनाम
मोहन देवनदास शर्मा
डिग्री बाबत
मुकदमा नं. 84 सन 2019
बनाम-
मुसम्मी डॉ. नंद किशोर सोनी पुत्र स्व. श्री स्वरूप चन्द सोनी कौम सोनी, साकिन 95-ए, सादुलगंज, पदमनी होटल के पीछे बीकानेर (राज.)। चूंकि डिक्रीदार ने डिग्री अदालत हाजा मवर्खे डिक्रीदार व मुकदमे नं. 77 सन 2006 की इजराय के लिए दरख्वास्त पेश की है इसलिए आपको इत्तला दी जाती है कि आप इस अदालत में वार 16 तारीख 07 माह 2025 को हाजिर होक अगर कोई उजर वास्ते आपके खिलाफ इजाजत किये जाने डिग्री रखते हो तो पेश करो। आज व तारीख 28 माह 05 सन् 2025 व शब्द मेरे दस्तखत मुहर अदालत के जारी किया गया।
आजा से
वरिष्ठ रीडर/शरिस्तेदार
मोहर अदालत
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रम-04 जयपुर महानगर प्रथम

किसानों को कृषि एवं उद्यान विभाग की अनुदान योजनाओं की जानकारी दी

बीकानेर, (कासं)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय पखवाड़ा के तहत आयोजित शिविर किसानों के लिए लाभदायक साबित हो रहे हैं। इसी श्रृंखला में सोमवार को श्रीडूंगरगढ़ के लखासर व बेनीसर ग्राम पंचायत में शिविर आयोजित किया गया।

कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक कैलाश चौधरी ने शिविर का अवलोकन किया और किसानों को कृषि एवं उद्यान विभाग की अनुदान योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए एवं मृदा स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी। उद्यान विभाग के सहायक निदेशक मुकेश गहलोत ने सूक्ष्म सिंचाई पद्धति योजना के बारे में बताया। इस दौरान सूक्ष्म सिंचाई योजना के तहत जारी प्रशासनिक स्वीकृति प्रपत्र वितरित किए गए व पाइपलाइन की प्रशासनिक

लखासर में दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय पखवाड़ा शिविर में संयुक्त निदेशक कैलाश चौधरी ने किसानों को खेत की मिट्टी के रिपोर्ट कार्ड वितरित किए।

स्वीकृति भी जारी की गई। शिविर के दौरान हुकमाराम, रणवीर सिंह, सीताराम, रामेश्वर लाल, शेराराम और हीर सिंह सहित बड़ी संख्या में किसानों को खेत की मिट्टी के मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रदान किए गए। मृदा स्वास्थ्य कार्ड मिलने से किसानों के चेहरे खिल उठे। कार्ड में दर्शाये सुझावों के अनुसार समुचित मात्रा में उपयोग कर और

- **सूक्ष्म सिंचाई योजना के तहत जारी प्रशासनिक स्वीकृति प्रपत्र वितरित किए गए**
- **किसानों को खेत की मिट्टी के मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए**

उन्नत कृषि तकनीक अपनाकर किसान अधिक उत्पादन प्राप्त कर पायेगा। शिविर के दौरान क्षेत्र के अन्य किसानों ने अपने खेत की मिट्टी के नमूने जमा करवाए। उन्हें जल्दी ही यह कार्ड मिलेंगे। शिविर में वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक एकता एवं चन्द्रकला शर्मा उपस्थित रहे। किसानों ने संबल के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया।

बालिका सुरक्षा योजना का शुभारंभ

बीकानेर, (कासं)। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों की पालना में जिला एवं सेशन न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष अतुल कुमार सक्सेना ने सोमवार को ग्राम पंचायत खारा में रालसा वन व बालिका वर्ष 2025 'सृजन की सुरक्षा' योजना का शुभारंभ किया। इस योजना में महिलाओं को सशक्त बनाने, बालिकाओं को लाने व इनके प्रति होने वाले अपराधों की दर में कमी लाने के साथ पर्यावरण को सरंक्षित करने एवं पोषित किए जाने की दिशा में कार्याक्रम का आयोजन किया गया। सक्सेना ने कन्या भ्रूण हत्या रोकने, बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने, पोक्सो अपराधों की रोकथाम, पर्यावरण संरक्षण को बढावा, विधिक जागरूकता के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाना, जमीनी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन को मजबूत करना, न्याय तक पहुंच प्रदान करना इत्यादि के बारे में जानकारी दी।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव और अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश मांडवी राजवी ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, संबंधित पंचायतों और राज्य वन विभाग के सहयोग से, चयनित पंचायतों में प्रत्येक बालिका के जन्म पर न्यूनतम ग्यारह पौधे लगाने का संकल्प दिलाया गया व प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com
Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्र. :- नियमन/2025/ **आपत्ति सूचना** दिनांक : 7.7.2025
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में आवासीय भूखण्ड वाके चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 40/42 के किला नं. 07 में भूखण्ड माप 15'-0'' गुणा 62'-6'' फीट के नियमन पटटा हेतु आवेदक श्री सुभाष चन्द्र पुत्र श्री ख्याली राम निवासी चक 3 ई छोटी गली नं. 03, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री सुभाष चन्द्र पुत्र श्री ख्याली राम निवासी चक 3 ई छोटी गली नं. 03, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 40/42 के किला नं. 07 में भूखण्ड माप 15'-0'' गुणा 62'-6'' फीट का नियमन पटटय जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।
Rajkaj Ref. No. 16127456 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक :- नियमन/ 2025/ 4180 दिनांक : 7/7/2025
सार्वजनिक आपत्ति सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रामरतन पुत्र श्री पुरखा राम निवासी म.न. 318, फर्स्ट फ्लोर, अर्बन एस्टेट, सैक्टर 40, गुड़गाव हरियाणा के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकॉर्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूमि का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 3 एमएल मुरब्बा नं. 18 किला नं. 1, 10 में माप 25 इन्दू 50 फीट भूखण्ड संख्या जैड-64 सिंदि-सिंदि इन्कलेव-2 सैक्टर 13 श्रीगंगानगर	उक्त भूखण्ड का नियमन पट्टा संख्या 17634 दिनांक 16.12.2022 को श्री संदीप शर्मा पुत्र श्री किशन गोपाल शर्मा के नाम से जारी किया हुआ है।	श्री रामरतन द्वारा उक्त भूखण्ड को पंजीकृत बैयनामा दिनांक 27.03.2025 के द्वारा क्रय कर भूखण्ड के नामान्तरण बाबत न्यास में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामानरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में श्री रामरतन पुत्र श्री पुरखा राम निवासी म.न. 318, फर्स्ट फ्लोर, अर्बन एस्टेट, सैक्टर 40, गुड़गाव हरियाणा द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पट्टे के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/ उज्र/ दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/ हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/ उज्र स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या:- SGNR/FY25-26/MUT/20 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर